मिशेल ओबामा

Joanne Mattern

मिशेल ओबामा उनके बच्चे, मालिया और साशा, जब अगस्त 2008 में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में दिखे, तो भीड़ रोमांचित हो गई. ओबामा परिवार भीड़ का पसंदीदा था और उससे बराक ओबामा को उम्मीदवारी का समर्थन जीतने में मदद मिली.

हमारे बच्चों का भविष्य

25 अगस्त 2008 को कोलोराडो के डेनवर में पेप्सी एरिना में भारी भीड़ जमा हुई. वे सभी डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में भाग ले रहे थे. जल्द ही, डेमोक्रेट्स, बराक ओबामा को संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के लिए अपने उम्मीदवार के रूप में नामांकित करेंगे. पर वास्तव में वो रात, बराक की पत्नी मिशेल ओबामा के नाम थी.

मिशेल भीड़ से बात करने के लिए तैयार हुईं. वो जानती थीं कि उनके शब्द महत्वपूर्ण थे. बराक ओबामा पहले अफ्रीकी-अमेरिकी थे जिन्हें राष्ट्रपति पद के लिए किसी प्रमुख पार्टी द्वारा नामांकित किया गया था. मिशेल जानती थीं कि वो और उनके पति नया इतिहास रच रहे थे.

मिशेल ने लोगों को यह बताया कि उनके पति उस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति क्यों थे.

हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट किया कि उनकी नंबर एक प्राथमिकता उनकी लड़कियां, मालिया और साशा थीं. "मैं एक माँ के रूप में यहाँ आई हूँ. मेरी दुनिया के केंद्र में मेरी लड़कियाँ हैं," उन्होंने भीड़ को बताया.

मिशेल ने समझाया कि अमेरिका को एक मजबूत राष्ट्र बनाना इतना महत्वपूर्ण क्यों था. उसका नंबर एक कारण था - उनके बच्चे, और दुनिया के सभी बच्चे. उन्होंने कहा, "मेरे बच्चों का भविष्य - और हमारे सभी बच्चों का भविष्य - इस चुनाव पर टिका है."

डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन की पहली रात मिशेल का भाषण, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था. उन्होंने साबित किया कि वह राष्ट्रीय मंच पर अकेले अपनी साख बना सकती थीं.

बराक और मिशेल ओबामा वाशिंगटन डी.सी. के कैपिटल सिटी पब्लिक चार्टर स्कूल में दूसरी कक्षा का बच्चों को किताबें पढ़ते हुए. उन्होंने सामुदायिक सेवा को, राष्ट्रपति और प्रथम महिला के रूप में अपने लिए महत्वपूर्ण बताया.

मिशेल ओबामा का भाषण बहुत सफल हुआ. कुछ महीने बाद, बराक ओबामा अमेरिका के 44 वें राष्ट्रपति बने. उनकी पत्नी, मिशेल,फर्स्ट लेडी बनीं.

बाएं से दाएं : भाई क्रेग, पिता फ्रेजर रॉबिन्सन,
बेबी मिशेल और मां मैरियन रॉबिन्सन.
मिशेल के परिवार में सभी एक-दूसरे के बहुत करीब थे.

बड़े होना

मिशेल लावोन रॉबिन्सन का जन्म 17 जनवरी, 1964 को शिकागो, इलिनोइस में हुआ था. उनके माता-पिता मैरियन और फ्रेजर रॉबिन्सन थे. फ्रेजर रॉबिन्सन ने शिकागो के जल-विभाग के लिए काम किया. मारियन अपने बच्चों की परवरिश करने के लिए घर पर ही रहीं. मिशेल का एक भाई, क्रेग उनसे दो साल बड़ा था.

फ्रेजर रॉबिन्सन एक मेहनती इंसान थे. हालांकि, जब मिशेल एक छोटी लड़की थी, तो पिता मल्टीपल स्केलेरोसिस या MS नामक बीमारी से ग्रस्त थे. मल्टीपल स्केलेरोसिस मांसपेशियों को प्रभावित करता है. जिन लोगों को MS होता है उन्हें अक्सर चलने-फिरने में परेशानी होती है. बीमारी ने फ्रेजर रॉबिन्सन को लंगड़ा कर चलने के लिए मजबूर किया. बाद में, उन्हें चलने में मदद करने के लिए एक बेंत की आवश्यकता पड़ी. 1991 में, MS बीमारी से संबंधित कारणों से उनकी मृत्यु हुई.

मिस्टर रॉबिन्सन ने बीमारी की हालत में भी काम करना जारी रखा. मिशेल और क्रेग ने अपने पिता के उदाहरण से बहुत कुछ सीखा. "वह एक विकलांग व्यक्ति थे... लेकिन फिर भी वो हर दिन उठकर काम पर जाते थे," मिशेल ने कई वर्षों बाद एक भाषण में कहा. "वह एक ऐसे इंसान थे जिन्होंने कभी कोई शिकायत नहीं की, वह कभी भी लेट नहीं हुए, उन्होंने जीवन में अपनी स्थिति के बारे में किसी से कभी कोई शिकायत नहीं की. उन्होंने हमें बड़े सपने देखना भी सिखाया."

मारियन और फ्रेजर रॉबिन्सन को मिशेल और क्रेग से उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की अपेक्षा थी. स्कूल के बाद बच्चे घंटों होमवर्क और पढ़ाई करते थे. क्रेग के लिए स्कूल आसान था, लेकिन मिशेल के लिए वो काफी कठिन था. अधिक नंबर लाने के लिए उसे बहुत मेहनत करनी पड़ती थी.

मिशेल ने 1977 में पड़ोस के एक स्कूल से प्राथमिक पढ़ाई पूरी की. उसके बाद वो व्हिटनी एम. यंग मैगनेट हाई स्कूल में पढ़ीं. इस स्कूल में पूरे शहर के छात्र पढ़ने के लिए आते थे.

मिशेल ने 1981 में जब व्हिटनी यंग स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की. उस समय, क्रेग प्रिंसटन जा रहे थे. प्रिंसटन, न्यू-जर्सी का सबसे सुप्रसिद्ध कॉलेज है. क्रेग को प्रिंसटन जाने में कोई परेशानी नहीं हुई क्योंकि उसके

1981 में हाईस्कूल की पढ़ाई करते समय मिशेल. मिशेल के परिवार के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण थी. मिशेल ने स्थानीय हाई स्कूल में पढ़ने की बजाय, व्हिटनी यंग मैगनेट हाई स्कूल, शिकागो में जाकर पढ़ने का निर्णय लिया.

अच्छे ग्रेड थे और वह एक शीर्ष एथलीट था. मिशेल ने भी प्रिंसटन जाने की ठानी. "मैं क्रेग को जानती थी, और उसके पढ़ाई के तरीके को भी जानती थी," उन्होंने कहा, "मुझे लगा कि मैं भी वो कर सकती हूँ."

मिशेल की बात सही निकली. प्रिंसटन ने उन्हें दाखिला दिया. सितंबर 1981 में, मिशेल एक नई दुनिया की खोज के लिए पूर्व की ओर गईं.

मिशेल ने 1985 में प्रिंसटन विश्वविद्यालय से स्नातक किया. प्रिंसटन के अधिकांश गोरे छात्रों के बीच उन्होंने खुद को अल्पसंख्यक पाया. प्रिंसटन में पढ़ने से मिशेल को अपनी पहचान समझने में मदद मिली और अश्वेत समुदाय में खुद की भूमिका समझने में भी.

फिट होना

मिशेल एक ऐसे पड़ोस में पली-बढ़ी थी जहाँ ज्यादातर अफ्रीकी-अमेरिकी लोग रहते थे. बाद में, हाई स्कूल में उनकी भेंट कई अलग-अलग नस्लीय और जातीय पृष्ठभूमि के छात्रों से हुई. प्रिंसटन के लगभग सभी छात्र गोरे थे इसलिए मिशेल ने जीवन में पहली बार खुद को अल्पसंख्यक महसूस किया.

जब मिशेल सीनियर हुईं, तो उन्होंने एक लंबा निबंध, या थीसिस लिखी, जिसका नाम था "प्रिंसटन - एजुकेटेड ब्लैक्स एंड द ब्लैक कम्युनिटी." उन्होंने प्रिंसटन के सैकड़ों अश्वेत छात्रों और स्नातकों को वो प्रश्नपत्र भेजे. कैसे प्रिंसटन ने उनकी भावनाओं को आकार दिया? उन्होंने अचरज किया. उन्होंने पूछा कि अधिकांश गोरे छात्रों विश्वविद्यालय में पढ़ने के बाद क्या अश्वेत छात्र, खुद जैसे छात्रों की मदद कम करेंगे या नहीं.

मिशेल को उम्मीद थी कि शोध से उन्हें समाज में अपनी भूमिका समझने में मदद मिलेगी.

अपनी थीसिस में, मिशेल ने लिखा, "प्रिंसटन के मेरे अनुभवों ने मुझे पहले की तुलना में अपने 'कालेपन' के बारे में अधिक जागरूक बनाया." उन्होंने महसूस किया कि दूसरे छात्र उन्हें "पहले अश्वेत और बाद में सह-छात्र के रूप में देखते थे."

मिशेल और उनके भाई का मानना था कि उनके माता-पिता ने उन्हें एक ऐसी दुनिया में सफल होने का आत्मविश्वास दिया था, जो उनकी नस्ल के लोगों को ख़ास महत्व नहीं देता था. क्रेग रॉबिन्सन ने एक अखबार को बताया, "जब आप गोरों की दुनिया में एक अश्वेत के रूप में बड़े होते हैं, तो कई बार लोग आपको बताते हैं ...कि आप काफी अच्छे नहीं हैं. हमारे परिवार ने हमें लगातार याद दिलाया कि हम कितने होशियार, काबिल, लायक और अच्छे थे. हमारे लिए घर में आस-पास होना सुखद था, और हम मेहनत से ज़रूर सफल हो सकते थे. हमारे माता-पिता ने हमें आत्मविश्वास देकर हमें एक अच्छी शुरुआत दी."

मिशेल ने आत्मविश्वास के कारण प्रिंसटन में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया. उन्होंने 1985 में सम्मान के साथ स्नातक परीक्षा पास की. फिर उन्होंने हार्वर्ड लॉ स्कूल में वकालत का अध्ययन किया.

मिशेल और उनका भाई क्रेग, जीवन भर करीब रहे.

मिशेल ने हार्वर्ड में कड़ी मेहनत की और अच्छा प्रदर्शन किया. उन्होंने समुदाय की मदद करने के लिए भी काम किया. उन्होंने एक समूह के साथ काम किया, जिसने पड़ोस के गरीब लोगों को कानूनी मदद दी. दूसरों की मदद करना एक ऐसी चीज थी, जो जीवन भर मिशेल के लिए महत्वपूर्ण रही.

मिशेल ने 1988 में हार्वर्ड लॉ से स्नातक किया. उन्होंने सिडली ऑस्टिन में एक वकील के रूप में नौकरी की. मिशेल को वहां बहुत कुछ सीखने को मिला. पर अब वो शिकागो जा रहीं थीं.

मिशेल और बराक ओबामा ने 3 अक्टूबर 1992 को लॉ फर्म - सिडले ऑस्टिन में साथ-साथ काम करने के बाद शादी की.

बराक के साथ जीवन

1989 में, मिशेल के बॉस अल सिडले ऑस्टिन ने उस से एक लॉ स्टूडेंट की मदद करने को कहा, जो कुछ महीनों के लिए कंपनी में काम करने आ रहा था. उस छात्र का नाम था - बराक ओबामा.

मिशेल और बराक में बहुत समानता थी. वे दोनों हार्वर्ड लॉ स्कूल में पढ़े थे. दोनों ने शिक्षा और परिवार दोनों बातों को महत्व दिया था. दोनों ऐसे लोगों की मदद करना चाहते थे जो उनसे कम भाग्यशाली थे.

मिशेल और बराक अच्छे दोस्त बन गए. 3 अक्टूबर 1992 में, बराक और मिशेल ने शादी कर ली.

1991 में, मिशेल शिकागो के मेयर, रिचर्ड डेली के लिए काम करने गयीं. मिशेल का काम शिकागो में व्यवसायों की मदद करना था. 1993 में, वह "पब्लिक एलाईज़" नामक संस्था की कार्यकारी निदेशक बन गईं.

"पब्लिक एलाईज़" युवा लोगों को सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में काम करने के लिए प्रशिक्षित करता था. मिशेल को अपनी नौकरी से बहुत प्यार था. उस समय, उन्होंने इस नौकरी को, "अपने पेशेवर जीवन की सबसे अच्छी चीज," बताया.

1996 में, बराक को इलिनोइस राज्य का सेनेटर चुना गया. उन्होंने अपना ज्यादातर समय घर से 200 मील दूर राज्य की राजधानी स्प्रिंगफील्ड में बिताया.

मिशेल और बराक अपना परिवार शुरू करना चाहते थे. मिशेल जानती थी कि अगर उसे माँ बनना है तो उसे कम माँग वाली नौकरी करनी होगी. उन्होंने "पब्लिक एलाईज़" छोड़ दिया और शिकागो विश्वविद्यालय में पार्ट-टाइम काम करने लगीं. विश्वविद्यालय, ओबामा परिवार के घर के पास ही था. मिशेल ने पड़ोस और शहर के सामाजिक मुद्दों में छात्रों को शामिल करने के लिए भी काम किया.

जुलाई 1998 में, मिशेल ने अपनी पहली बेटी, मालिया ऐन को जन्म दिया. दंपति की दूसरी बेटी, नताशा (जिसे साशा कहा जाता है) 2001 में पैदा हुई.

2004 में, बराक को अमरीका का सेनेटर चुना गया. अब वह वाशिंगटन, डी. सी. में काम करने लगे, जबकि मिशेल शिकागो में घर पर रहती थीं.

ओबामा परिवार ने नवंबर 2004 में, बराक के अमेरिकी सीनेट की जीत का जश्न मनाया. उन्होंने हमेशा अपने बच्चों को अपने जीवन के फोकस के रूप में रखा, बराक की राष्ट्रीय शोहरत के बाद भी.

तब तक, मिशेल, शिकागो मेडिकल सेंटर विश्वविद्यालय के लिए काम कर रही थीं. बराक बहुत प्रसिद्ध और लोकप्रिय हो रहे थे. नवंबर 2004 को, उन्होंने डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में एक महत्वपूर्ण भाषण दिया. उनका भाषण इतना ओजस्वी था कि देश में हर कोई उसके बारे में बातें कर रहा था. उसके तुरंत बाद, उन्होंने राष्ट्रपति के लिए चुनाव लड़ने के बारे में सोचा.

2008 में जब बराक को राष्ट्रपति चुना गया, तो ओबामा परिवार व्हाइट हाउस में रहने वाले पहला अफ्रीकी-अमेरिकी परिवार बना. मिशेल ने जल्द ही दिखाया कि वह एक स्टाइलिश, होशियार और ऊर्जावान फर्स्ट लेडी थीं.

प्रथम महिला (फर्स्ट लेडी)

मिशेल ने अपनी नौकरी छोड़ दी. उन्होंने राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार को एक पारिवारिक मामला बनाया. "मैं इसे इस तरह देखती हूं, हम संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति के लिए लड़ रहे हैं. मैं, बराक, साशा, मालिया, मेरी माँ, मेरा भाई - हम सभी इस चुनाव में भाग ले रहे हैं," मिशेल ने कहा.

मिशेल राष्ट्रपति के लिए अपने पति की दौड़ में एक शक्तिशाली सहयोगी बनीं. उन्होंने पूरे देश में भाषण दिए और टेलीविजन पर प्रचार किया. कई लोगों ने मिशेल को पसंद किया. लोगों को उनके संदेश पर विश्वास हुआ. कई अमेरिकियों की तरह, मिशेल अपने बच्चों के लिए एक बेहतर भविष्य चाहती थीं. वो चाहतीं थीं कि लोग उनके जीवन की बाधाओं को दूर करें. मिशेल को अमेरिकी लोगों के संघर्ष के बारे में पता था. उन्होंने लोगों को बताया कि कैसे उनके माता-पिता ने क्रेग और उन्हें एक अच्छा जीवन देने के लिए संघर्ष किया था - भले ही उसके पिता विकलांग थे. मिशेल ने बराक के संदेश को सभी अमेरिकियों तक फैलाने में मदद की.

अमेरिका के लिए बराक का राष्ट्रपति चुना जाना एक ऐतिहासिक क्षण था. जब उनके पति वाशिंगटन, डी. सी. में भारी भीड़ के सामने राष्ट्रपति पद की शपथ ली तब मिशेल ने बाइबिल को गर्व से पकड़ा. दोनों बेटियाँ ने उन्हें देखा.

4 नवंबर, 2008 को, अमेरिकियों ने बराक ओबामा को अपने राष्ट्रपति के रूप में चुना. पहली बार, एक अफ्रीकी-अमेरिकी परिवार व्हाइट हाउस में रहेगा. मिशेल की माँ भी परिवार को बसाने में मदद करने के लिए व्हाइट हाउस में रहने गईं.

मिशेल और बराक को व्हाइट हाउस में रहना अपने बच्चों के लिए बहुत अच्छा लगा. "पहली बार, बराक लगभग हर दिन नाश्ते और रात के खाने के लिए घर आते थे. हमारे परिवार ने हर रात एक-साथ भोजन किया. जब बराक यात्रा नहीं कर रहे होते तो वो रात को लड़कियों को सुलाते थे," मिशेल ने पीपल पत्रिका को बताया. "सालों बाद हमने एक-साथ इतना समय बिताया."

अक्सर फर्स्ट फैमिली का चुनाव में शामिल होना एक ग्लैमरस काम माना जाता है. बराक और मिशेल ने बड़े स्टाइल के साथ जनवरी 2009 की प्रथम-बॉल उत्सव में हिस्सा लिया.

परिवार के सुख को सुनिश्चित करने के बाद मिशेल ने फर्स्ट लेडी के रूप में अपनी भूमिका निभाना शुरू की. वो लोगों को सामुदायिक कार्य के लिए स्वयंसेवा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती थीं. जून 2009 में, उन्होंने "यूनाइटेड वी सर्व" नामक एक परियोजना शुरू की. मिशेल ने परियोजना के तहत सभी अमेरिकियों से सेवा को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की.

प्रथम लेडी मिशेल ओबामा ने कैपिटल एरिया फूड बैंक का समर्थन किया, जो कम भाग्यशाली लोगों के लिए भोजन प्रदान करता है, जिल बिडेन, उपराष्ट्रपति जो बिडेन की पत्नी, मिशेल के बाईं ओर खड़ी हैं.

मिशेल, मालिया, साशा और मिशेल का भाई, क्रेग इराक और अफगानिस्तान में तैनात सेवा कर्मियों के लिए सामान बांधते हुए. ओबामा परिवार ने हमेशा सामुदायिक सेवा को बहुत महत्व दिया.

मिशेल "यूनाइटेड वी सर्व" की एक परियोजना में शामिल.

मिशेल ने बेघर लोगों को भोजन उपलब्ध कराया और वाशिंगटन डीसी के मिरियम किचन में अपनी तस्वीर खिंचवाई. उन्होंने हमेशा स्वयं सेवा करने और दूसरों की मदद करने का आनंद लिया.

मिशेल, अपने देश की मदद करने में बहुत समय लगाती हैं. वह विशेष रूप से सामुदायिक समूहों के साथ बैठक करने और बराक को अपनी सीख बताने में आनंद लेती हैं. मिशेल अपने पति को यह समझने में मदद करती हैं कि लोग कैसे अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं.

"मुझे लगता है कि लोग कुछ अलग करने के लिए तैयार हैं," मिशेल ने चुनाव से कुछ महीने पहले कहा था. "मैं ऊंचाइयों के लिए तैयार हूं, और मैं चढ़ाई चढ़ने के लिए भी तैयार हूं. पर साथ में मैं व्हाइट हाउस में अपने पति के साथ काम करने और इस देश को एक ऊंचे स्थान पर ले जाने के लिए भी तैयार हूं."

कालक्रम

1964 मिशेल लावांग रॉबिन्सन का जन्म 17 जनवरी को हुआ.
1977 वह प्राथमिक विद्यालय से स्नातक.
1981 उन्होंने शिकागो में व्हिटनी एम. यंग मैग्नेट हाई स्कूल से स्नातक किया.
1985 मिशेल प्रिंसटन विश्वविद्यालय से स्नातक.
1988 वह हार्वर्ड लॉ स्कूल से स्नातक हैं और सिडली ऑस्टिन में एक वकील के रूप में नौकरी स्वीकार की.
1989 वह बराक ओबामा से मिलीं.
1991 मिशेल ने शिकागो के मेयर रिचर्ड डेली के साथ एक नौकरी स्वीकार की.
1992 मिशेल ने 3 अक्टूबर को बराक ओबामा से शादी की.
1993 वह सार्वजनिक सहयोगियों के कार्यकारी निदेशक के रूप में नौकरी स्वीकार करते हैं.
1996 बराक, इलिनोइस राज्य के सीनेटर बने.
1998 उनकी बेटी मालिया एन का जन्म हुआ; मिशेल शिकागो विश्वविद्यालय में अंशकालिक काम करने लगीं.
2001 उनकी बेटी नताशा (साशा) का जन्म हुआ; मिशेल शिकागो मेडिकल सेंटर विश्वविद्यालय में काम करने लगीं.
2004 बराक को संयुक्त राज्य सेनेट के लिए चुना गया: उन्होंने डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में मुख्य भाषण दिया.
2007 बराक ने घोषणा की कि वह संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति के लिए चुनाव लड़ेंगे; मिशेल ने उनके साथ प्रचार करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी.
2008 मिशेल ने अगस्त में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में भाषण दिया. बराक नवंबर में राष्ट्रपति चुने गए.
2009 बराक, राष्ट्रपति चुने गए; ओबामा परिवार व्हाइट हाउस में गया; मिशेल ने अमेरिकियों को स्वयंसेवा के लिए प्रोत्साहित किया और "यूनाइटेड वी सर्व" परियोजना शुरू की.

समाप्त